<u>Sixteenth Loksabha</u>

>

Ttile: Need to regularize the services of MGNREGA workers and provide them equal pay for equal work in Jharkhand - Laid.

श्री राम टहल चौधरी (रांची) : मैं सरकार का ध्यान इस ओर आकर्षित करना चाहता हूं कि झारखंड राज्य के सभी मनरेगा कर्मियों को नियमित किए जाने हेतु माननीय उच्चतम न्यायालय ने आदेश दिए हैं एवं समान कार्य का समान वेतन दिए जाने का निर्देश दिया है। परंतु मुझे यह बताते हुए खेद हो रहा है कि मनरेगा में कार्यरत कर्मियों को अभी तक नियमित नहीं किया गया है और समान कार्य के लिए समान वेतन की नीति को अभी तक नहीं अपनाया गया है। इस कारण मनरेगा कर्मी आंदोलन का रुख अपनाने वाले हैं। ग्रामीण विकास में मनरेगा कर्मियों की अहम भूमिका रहती है।

मेरा सरकार से अनुरोध है कि मनरेगा में कार्यरत कर्मियों को नियमित करने और समान कार्य के लिए समान वेतन की नीति को अपनाया जाए जैसा कि माननीय उच्चतम न्यायालय ने निर्णय दिया है।